हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 जुलाई 2026

[ राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़ ]

04 अच्छे नागरिक बनने की शुरुआत घर से करें छोटी...



07 चोरों का घर में धावा, 20 लाख के जेवरात और नकदी लेकर फरार



## बंद पड़ी नारायणपुरा शुगर फैक्ट्री के पुनर्जीवन की कवायद तेज

# कलेक्टर ने किया निरीक्षण, एक सप्ताह में मांगी पुनः संचालन की कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले की बंद पड़ी नारायणपुरा शुगर फैक्ट्री को पुनः संचालित करने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को फैक्ट्री का विस्तृत निरीक्षण कर उसकी वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैक्ट्री के पुनः संचालन की सभी संभावनाओं का परीक्षण करते हुए एक सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए।



### कार्यालयीन व्यवस्था से लेकर उत्पादन इकाई तक किया बारीकी से निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सबसे पहले फैक्ट्री के कार्यालय का अवलोकन कर अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूर्व में फैक्ट्री में कार्यरत रहे कर्मचारियों से चर्चा कर संचालन व्यवस्था, उत्पादन क्षमता तथा वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने फैक्ट्री परिसर का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रिया, विभिन्न मशीनों तथा पावर हाउस का निरीक्षण किया और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

### पुनः संचालन के दो विकल्पों पर होगा अध्ययन

कलेक्टर श्री कन्याल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि फैक्ट्री को पुनः शुरू करने के लिए दो विकल्पों पर गंभीरता से कार्य किया जा सकता है। पहला, वर्तमान मशीनों एवं उपलब्ध संसाधनों का पुनरुद्धार कर फैक्ट्री का संचालन पुनः प्रारंभ किया जाए। दूसरा, आधुनिक तकनीक के अनुरूप नए सिरे से संयंत्र स्थापित कर संचालन किया जाए। उन्होंने दोनों विकल्पों की तकनीकी एवं आर्थिक व्यवहार्यता का परीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### एक सप्ताह में तैयार होगी विस्तृत कार्ययोजना

कलेक्टर ने जिला पंजीयक सहकारी संस्थाएं (डीआरसीएस) को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभागों के समन्वय से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि फैक्ट्री के पुनर्जीवन की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ अभिषेक दुबे, एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता दिनेश चौरासिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के कदाचरण पर कार्रवाई दो प्राथमिक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला शिक्षा अधिकारी समर सिह राठौर द्वारा शिक्षकों के कदाचरण एवं विभागीय छवि धूमिल करने के मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए जिले के दो प्राथमिक शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार पहले प्रकरण में प्राथमिक शिक्षक नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय कटाऊ टांड़ा, विकासखण्ड गुना के विरुद्ध विद्यालय परिसर में दूसरे शिक्षक के साथ मारपीट एवं विवाद का मामला सामने आया था। घटना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। मामले की जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी स्तर पर कराई गई, जिसमें घटना सत्य पाई गई।

प्रकरण में पुलिस थाना म्याना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 296(ए) एवं 115(2) के तहत अपराध भी दर्ज किया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षक का आचरण शिक्षक की गरिमा एवं शासकीय सेवा आचरण नियमों के प्रतिकूल है तथा इससे विभाग की छवि धूमिल हुई है। इसके फलस्वरूप उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बमोरी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

दूसरे प्रकरण में हरीश चन्द्र पंचोली, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय गढ़लामार, विकासखण्ड बमोरी के विरुद्ध विद्यालय में शराब के नशे में उपस्थित होकर हंगामा करने, विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य नहीं कराने तथा ग्रामीणों, रसोइया एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करने संबंधी शिकायत एवं वीडियो प्राप्त हुए थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने जांच एवं संबंधित व्यक्तियों के कथनों के आधार पर शिकायतों को सत्य पाया। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि संबंधित शिक्षक अक्सर शराब के नशे में विद्यालय आते थे तथा अध्यापन कार्य की उपेक्षा करते थे। इसे शिक्षक की गरिमा एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उपनियम (1), (2) एवं (3) के विपरीत कदाचरण माना गया।

## खबर संक्षेप



### परिजनों से बिछड़ी 4 वर्षीय मासूम को सकुशल मिलाया

**गुना।** एसपी हितिका वासल के निर्देशन एवं एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में कैंट थाना पुलिस ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए हनुमान टेकरी पर भटक रही एक 4 वर्षीय मासूम बालिका को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया है। 14 जुलाई 26 की शाम हनुमान टेकरी परिसर में एक मासूम बच्ची को घबराई हुई हालत में अकेले घूमते देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत और डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बच्ची को अपनी सुरक्षा में लिया। घबराहट के कारण बच्ची अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। इसके बाद पुलिस टीम ने टेकरी परिसर और आसपास की कॉलोनियों में करीब दो घंटे तक सघन पूछताछ कर बच्ची के माता-पिता का पता लगाया और उसे परिजनों के सुपुर्द किया। मासूम को सुरक्षित पाकर भावुक माता-पिता ने गुना पुलिस का दिल से आभार जताया। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत, प्रधान आरक्षक लखन किरार, आरक्षक विनोद धाकड़, आरक्षक रवि ओझा और पायलट विशाल सेंगर की विशेष भूमिका रही।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान का भव्य स्वागत



**गुना।** शहर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान के आगमन पर गरिमामय स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. भूपेंद्र धाकरे मित्र मंडल द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौहान को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका गर्मजोशी से सम्मान किया गया। इस आत्मीय मिलन के दौरान उपस्थित जनों के बीच आपसी सौहार्द, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा भी हुई। डॉ. भूपेंद्र धाकरे ने श्री चौहान के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके सफल सार्वजनिक जीवन की मंगलकामनाएं कीं, वहीं श्री चौहान ने इस आत्मीय सम्मान के लिए डॉ. धाकरे व उनके सहयोगियों का आभार जताया।

### शराबी पति ने पत्नी को डंडे से पीटा, जान से मारने की धमकी देकर भागा

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भूतमढ़ी में एक शराबी पति द्वारा अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। गुना के हड्डी मील निवासी फरियादिया पूजा (23) ने अपनी मां गुड्डी बाई और भाई चैनू के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह चार वर्ष पूर्व शिवकुमार से हुआ था। गत शाम करीब 4 बजे उसका पति शिवकुमार शराब के नशे में धुत होकर घर आया और गाली-गलौज करने लगा। जब पूजा ने इसका विरोध करते हुए मायके जाने की बात कही, तो आरोपी ने गुस्से में आकर डंडे से उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे महिला के दोनों पैरों, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आईं। सास पिश्ताबाई और ससुर सीताराम ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। जाते-जाते आरोपी ने दोबारा मायके जाने की जिद करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध खनिज परिवहन पर जिला प्रशासन की लगातार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने तहसील राघौगढ़ एवं मकसूदनगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत जामनेर एवं विजयपुर में औचक निरीक्षण कर अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान एम-सैंड का अवैध परिवहन एवं भंडारण करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। दोनों वाहनों को जब्त कर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली थाना जामनेर तथा दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली थाना विजयपुर की अभिरक्षा में रखवाई गई है। प्रकरण तैयार कर मध्यप्रदेश गौण खनिज नियमों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

**एम-सैंड के अवैध परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने खनिज का भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यापारियों से भी अपील की है कि वे खनिज के क्रय-विक्रय एवं भंडारण संबंधी समस्त वैधानिक अनुमति एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत ही व्यापार करें। अन्यथा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की विशाल रथ यात्रा

**गुना।** शहर में धर्म और आस्था का अनूठा समागम होने जा रहा है। 16 जुलाई को जिले में लगातार पांचवीं बार भव्य और विशालतम श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य रथ यात्रा को लेकर शहरवासियों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक राजीव सोनी मित्र मंडल और सहयोगी संस्था गीता मानस प्रचार समिति गुना ने बताया कि रथ यात्रा का शुभारंभ 16 जुलाई गुरुवार को दोपहर 2 बजे से हनुमान मंदिर, गुलाबगंज कैन्ट से होगा। भगवान जगन्नाथ, भाई बलदेव और बहन सुभद्रा जी के रथ के दर्शन करने तथा उसे खींचने के लिए अंचल के सभी विकासखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु गुना पहुंच रहे हैं।

यह भव्य रथ यात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से संकीर्तन करते हुए गुजरेगी, जहां जगह-जगह भगवान का स्वागत और आरती उतारी जाएगी। यात्रा का समापन लक्ष्मीनारायण मंदिर, जयस्तंभ चौराहे पर महाआरती और विशाल प्रसादी वितरण के साथ होगा।

**मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, हेलमेट, साइबर सुरक्षा और नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प**

# 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या शिक्षा के बेहतर स्तर का प्रमाण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि जिले में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की लगातार बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि गुना में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। विद्यार्थियों की सफलता में उनकी मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री कन्याल ने बुधवार को राघौगढ़ में पत्रकार संघ द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष लगभग 2,700 विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए थे, जबकि अब प्रशासन का लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर 5,000 से अधिक करने का है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थियों की मेहनत और बेहतर परीक्षा परिणामों के आधार पर यह लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त होगा।

कलेक्टर ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सरकार द्वारा स्कूटी भी प्रदान की जाती है। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर बताया कि उन्हें स्कूटी मिल चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि स्कूटी या किसी भी दोपहिया वाहन का उपयोग करते समय हमेशा हेलमेट पहनें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। सभी विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने का संकल्प लिया।

### साइबर फ्रॉड और नशे से बचने की दी सीख

कलेक्टर श्री कन्याल ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि युवावस्था जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है, लेकिन गलत संगति और नशे जैसी बुरी आदतें भविष्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

# दो दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

**150 से अधिक केंद्रों पर हुए भव्य मनोरथ, कैलाश मंथन ने दी पौराणिक जानकारी**

पुष्य नक्षत्र के पावन संयोग पर गुना अंचल के विभिन्न धार्मिक केंद्रों, वैष्णव मंदिरों और सत्संग मंडलों में दो दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का गरिमामय शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख एवं विराट हिंदू उत्सव समिति (हिउस) के संस्थापक कैलाश मंथन ने बताया कि गुना जिले के बमोरी, राघौगढ़, बीनागंज और शहरी क्षेत्रों के करीब 150 धार्मिक केंद्रों, मंदिरों और सत्संग मंडलों में विशेष मनोरथ, सत्संग और संकीर्तन के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सर्राफा बाजार स्थित चिंतन हाउस में आयोजित विशेष समागम में कैलाश मंथन ने रथयात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से शुरू होने वाली यह यात्रा सनातन संस्कृति और हमारी पौराणिक विरासत का प्रतीक है। पद्म पुराण व अन्य ग्रंथों के अनुसार, इस रथ को खींचने वाले भक्तों को सौ यज्ञों के समान पुण्य प्राप्त होता है। रथयात्रा में सबसे आगे भगवान बलभद्र का 'तालध्वज' रथ, मध्य में देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ का 'गरुड़ध्वज' रथ चलता है। पूरी तरह लकड़ी और बिना किसी लोहे की कील-पेंच के निर्मित इस रथ को केवल रस्सियों के सहारे खींचा जाता है।

शहर के श्रीनाथ जी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, गोपाल मंदिर और चिंतन हाउस में भगवान कृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी के स्वरूपों की विशेष पूजा-अर्चना व कथा वार्ता की गई। अंचल के परवाह, लालोनी, ऊमरी, भिडरा, मगरोड़ा और बने सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्सव का उल्लास रहा। इस धार्मिक समागम के दौरान निःशुल्क गीता प्रचार मिशन और नारी शक्ति चिंतन मंच के सहयोग से श्रद्धालुओं को निःशुल्क गीता का वितरण भी किया।

**नो एंट्री नियमों की खुलेआम धज्जियां**

# भुल्लनपुरा चौराहे से चिंताहरण मार्ग तक दौड़ रहे भारी वाहन, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर की यातायात व्यवस्था और नियमों के पालन पर एक बार फिर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। प्रशासन द्वारा गुना शहर के भीतर सुबह 6 बजे से लेकर रात 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से नो एंट्री लागू की गई है। इसके बावजूद, प्रतिबंधात्मक समय में भी भारी वाहन धड़ल्ले से शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं और नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।



स्थानीय निवासियों के अनुसार, शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार भुल्लनपुरा चौराहे से लेकर मारुति शोरूम, कुशमोदा चौकी और वहां से आगे चिंताहरण मार्ग तक लगातार भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। इस पूरे मार्ग पर दिनभर आम यातायात का भारी दबाव रहता है, जिसमें दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर शामिल हैं। नो एंट्री के नियमों को ठेंगा दिखाकर दिन के उजाले में प्रवेश करने वाले इन भारी वाहनों के कारण क्षेत्र में हर समय किसी बड़े सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है। त्रस्त नागरिकों ने यातायात पुलिस और जिला प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**खाकी ने ली नशामुक्त समाज की शपथ, शहर में निकाली विशाल रैली**

# गुना में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में राज्यव्यापी विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 से 30 जुलाई 26 तक चलने वाले इस अभियान के तहत गुना पुलिस ने व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया जाएगा।



अभियान के पहले दिन पुलिस लाइन परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीमती हितिका वासल ने जिला पुलिस, एसएएफ के अधिकारियों-कर्मचारियों और नगर व ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को नशामुक्त समाज के निर्माण की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके बाद पुलिस लाइन से एक विशाल जनजागरूकता रैली रवाना हुई, जो जेल रोड, अंबेडकर चौराहा, हनुमान चौराहा, तेलघानी चौराहा और स्टेशन तिराहा होते हुए जयस्तंभ चौराहे पर संपन्न हुई। रैली में शामिल बल ने बैनर व तख्तियों के माध्यम से नगरवासियों को जागरूक किया।

इस गरिमामय आयोजन में एसपी हितिका वासल के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन, डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित, प्रभारी सीएसपी आनंद राय, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक हर्ष यादव, रक्षित निरीक्षक स्मृति दोहरे, कंट्रोल प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. आर्य, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदौस तबस्सुम और निरीक्षक मचल सिंह मंडेलिया सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। आगामी दिनों में पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर संवाद व रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

# वंदना कॉन्वेंट स्कूल में प्राथमिक छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

वंदना कॉन्वेंट स्कूल, गुना में प्राथमिक वर्ग के नवनिर्वाचित छात्र परिषद (स्टूडेंट कैबिनेट) का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुना की एसडीएम शिवानी पाण्डेय थीं। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि शिवानी पाण्डेय ने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय के युवा नेतृत्वकर्ता ही देश के भावी नेतृत्व की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि नेतृत्व क्षमता का विकास बाल्यावस्था से ही विद्यालय स्तर पर प्रारम्भ होता है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा सेवा भाव का विकास करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जैंसी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करते हुए ईमानदारी, समर्पण एवं सेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

## स्मैक तस्करों को माल सप्लाई करने वाला फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्मैक की सप्लाई करने वाले मुख्य फरार आरोपी मदनमोहन मीणा (38) निवासी ग्राम निवेरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही विशेष न्यायालय गुना द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में स्थाई वारंट जारी था, 18 जून 2026 को पुलिस ने बालकिशन मीणा को 15 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था। बालकिशन ने पूछताछ में स्वीकार किया था कि उसे यह स्मैक उसके छोटे भाई मदनमोहन मीणा ने उपलब्ध कराई थी। इसके बाद से ही मदनमोहन फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि नरेश शर्मा, साइबर सेल के आरक्षक कुलदीप यादव सहित पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।

### गोविंदपुरा विद्यालय में बच्चों से संवाद, सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को दिए उपहार

# अच्छे नागरिक बनने की शुरुआत घर से करें छोटी आदतें बनाती हैं बेहतर समाजः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा

देश का भविष्य केवल पढ़ाई से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और जिम्मेदार नागरिक बनने से बनता है इसी संदेश के साथ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को राघौगढ़ विकासखंड के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छे नागरिक बनने की शुरुआत घर से होती है। यदि हर बच्चा छोटी-छोटी अच्छी आदतों को अपने जीवन में अपनाए, तो वही आदतें आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव बनती हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे ने भी बच्चों से संवाद किया। कार्यक्रम में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप कलर क्लिप सेट भेंट किए गए तथा सभी विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई।



### हर क्षेत्र में सफलता के समान अवसर

कलेक्टर श्री कन्याल ने बच्चों से पढ़ाई, खेल, नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिला और पुरुष दोनों टीमों को समान सम्मान और पहचान मिल रही है। इसलिए बेटियों और बेटों को बिना किसी भेदभाव के अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए।

### प्रार्थना सभा बने संस्कारों की पाठशाला

कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय की प्रार्थना सभा केवल दैनिक गतिविधि न होकर बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के विकास का माध्यम बने। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कुछ मिनट बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, संविधान के प्रति सम्मान, यातायात नियम, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और सामाजिक दायित्व जैसे विषयों पर प्रेरक जानकारी दी जाए। उन्होंने बताया कि ऐसे लगभग 25 विषय चिन्हित किए गए हैं, जिन पर नियमित रूप से बच्चों का मार्गदर्शन किया जा सकता है। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जनआंदोलन बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### छोटी आदतें ही बनाती हैं अच्छा नागरिक

संवाद के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से पूछा कि कितने विद्यार्थी सुबह उठकर अपना बिस्तर स्वयं व्यवस्थित करते हैं। कई विद्यार्थियों ने हाथ उठाकर इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि अनुशासन की शुरुआत यहीं से होती है। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, बाथरूम को साफ रखने, जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करने तथा घर से निकलते समय अनावश्यक रूप से जल रही लाइट बंद करने जैसी आदतों को अच्छे नागरिक की पहचान बताया। विद्यार्थियों ने इन आदतों को अपनाने का संकल्प भी लिया।

### प्रश्नोत्तरी में दिखा बच्चों का उत्साह

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे ने बच्चों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को कलर क्लिप सेट देकर सम्मानित किया गया, ताकि वे अपनी रचनात्मकता को और विकसित कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया।

**ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, पेंशन प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश :** विद्यालय निरीक्षण के बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने ग्रामीणों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं विद्यालय में कक्षा 10वीं तक संचालन की मांग सहित अन्य विषय उनके समक्ष रखे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा अन्य मांगों का परीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम अमित सोनी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी, उपस्थित थे।

### 7 दिनों में 25 साइलेंसर और 10 हूटर जब्त

## पटाखे फोड़ने वाली बुलेट और हूटर वाली गाड़ियों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सडक़ों पर पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाले बुलेट चालकों और चार पहिया वाहनों में अवैध हूटर लगाकर रसूख दिखाने वालों के खिलाफ गुना पुलिस ने अपनी कार्रवाई बेहद तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा शहर में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में की जा रही इस सख्त कार्रवाई के तहत मंगलवार, 14 जुलाई को जज्जी बस स्टैंड क्षेत्र से एक बुलेट को पटाखे जैसी आवाज निकालने पर जब्त किया गया। पुलिस ने वाहन से मॉडिफाइड साइलेंसर निकालकर उसे जब्त कर लिया और वाहन स्वामी से कंपनी का मूल साइलेंसर मंगवाकर लगवाया। इसके बाद मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां कोर्ट ने बुलेट चालक पर 17,000 रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया। यातायात पुलिस द्वारा जयस्तंभ चौराहा, जगत तिराहा और हनुमान चौराहा सहित विभिन्न व्यस्ततम इलाकों में सघन चेकिंग की जा रही है। पिछले महज सात दिनों में पुलिस ने करीब 25 बुलेट मोटरसाइकिलों से मॉडिफाइड साइलेंसर निकालकर जब्त किए हैं। इसके साथ ही 10 चार पहिया वाहनों से अवैध हूटर हटाए गए हैं। इस पूरी मुहिम में अब तक कुल 40 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 75,000 रुपये का समन शुल्क वसूला जा चुका है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं ही मॉडिफाइड साइलेंसर हटा लें, अन्यथा सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आम नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है कि यदि उन्हें कोई ऐसी गाड़ी दिखाई दे, तो वे उसका नंबर या वीडियो यातायात थाने के व्हाट्सएप नंबर 7701046572 पर भेज सकते हैं।

### म्यापुर धनवाड़ी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## स्वीकृत गौशाला अन्य पंचायत में बनाने और प्रबंधक पर रिश्वत लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला मुख्यालय पर बुधवार को ग्राम पंचायत म्यापुर धनवाड़ी के ग्रामीणों और युवाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधीश के नाम एक शिकायती आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत म्यापुर धनवाड़ी के लिए स्वीकृत शासकीय गौशाला का निर्माण नियम विरुद्ध तरीके से दूसरी पंचायत में कराने और गौशाला प्रबंधक पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**स्वीकृत कहीं और, निर्माण दूसरी पंचायत में** कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि शासन की ओर से शासकीय गौशाला का निर्माण ग्राम पंचायत म्यापुर धनवाड़ी के लिए स्वीकृत किया गया था। लेकिन, मिलीभगत कर इस गौशाला का निर्माण म्यापुर धनवाड़ी के स्थान पर करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम गणेशखेड़ा (पंचायत उदयपुरी, तहसील व जिला गुना) में करवा दिया गया। अब इस दूरी और अव्यवस्था का खामियाजा म्यापुर धनवाड़ी के पशुपालकों और लावारिस मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है।



### प्रबंधक पर रिश्वतखोरी और चारा बेचने के गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि गणेशखेड़ा में संचालित इस गौशाला की प्रबंधक लक्ष्मीबाई (गुना वाली) द्वारा म्यापुर धनवाड़ी पंचायत के मवेशियों को गौशाला में प्रवेश नहीं करने दिया जाता। प्रवेश कराने पर पशुपालकों को धमकाते हुए मवेशियों की पूरी जिम्मेदारी स्वयं लेने का दबाव बनाया जाता है और बिजली-पानी तथा चारे का संकट बताकर उन्हें भगा दिया जाता है। इसके विपरीत, ग्रामीणों ने साक्ष्यों के हवाले से गंभीर आरोप लगाया कि प्रबंधक लक्ष्मीबाई द्वारा 30 किलोमीटर दूर की अन्य पंचायतों के मवेशियों को 500 प्रति गाय की अवैध फीस (रिश्वत) लेकर गौशाला में प्रवेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही, शासन की ओर से मवेशियों के लिए आने वाले चारे (खैर) को प्रबंधक द्वारा दूसरे गांवों में 600 प्रति कट्टे की दर से अवैध रूप से बाजार में बेचा जा रहा है।

### बीए-एलएलबी, बीकॉम एलएलबी और एलएलबी काउंसलिंग 31 जुलाई तक बढ़ी

**गुना।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत प्रदान की गई है। बीए एलएलबी (5 वर्षीय), बीकॉम एलएलबी (5 वर्षीय) एवं एलएलबी (3 वर्षीय) पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग प्रक्रिया की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी गई है। ओमकार कॉलेज के काउंसलिंग सेल द्वारा बताया गया है कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक काउंसलिंग में भाग नहीं लिया है, वे अब बढ़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाकर निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। संस्थान में अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से पहले काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर अपने पसंदीदा विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित करें।

### निर्माणाधीन राघौगढ़ एसडीएम-तहसील कार्यालय में वॉटर हार्वेस्टिंग, जल निकासी एवं हरित परिसर विकसित करने के निर्देश

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बुधवार को गेल प्लांट का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, मॉनिटरिंग सिस्टम एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का भ्रमण कर प्लांट की संचालन प्रणाली, सुरक्षा मानकों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने सबसे पहले गेल प्लांट के कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। यहां उन्होंने प्लांट की रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं संचालन प्रणाली को विस्तार से समझा। अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (क्कक्कञ्ज) के माध्यम से प्लांट के लेआउट, कार्य प्रणाली, टेस्टिंग प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों तथा विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्रणाली एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



### वर्षा जल का संरक्षण हो

गेल प्लांट के निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने साढ़ा कॉलोनी के समीप हाईवे पर निर्माणाधीन राघौगढ़ एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से विकसित किया जाए, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो सके। साथ ही भवन परिसर में प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने, रिटेनिंग वॉल से पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा सुव्यवस्थित पार्क एवं हरित परिसर विकसित करने के साथ समय पर कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने परिसर में कटहल का पौधा रोपकर वृक्षारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकसित करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा भवन निर्माण के साथ हरित वातावरण का विकास भी महत्वपूर्ण है, जिससे परिसर पर्यावरण के अनुकूल एवं आकर्षक बन सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम अमित सोनी व गेल अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेक्स रैकेट मामले में पुलिस और प्रशासन की टीम आरोपी महिला के मकानों की नापतौल करने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सिटी कोतवाली के अंतर्गत पुलिस ने पिछले दिनों सेक्स रैकेट चलाने वाली एक महिला और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वुधवार को पुलिस और प्रशासन की टीम आरोपी महिला के मकानों की जांच पड़ताल करने पहुंची और सम्पत्ति की जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि देह व्यापार के इस अनैतिक कारोबार करने वाली महिला का रिकॉर्ड तलाशा जा रहा है। जिस मकान में यह देह व्यापार का कारोबार चल रहा था, वह पूर्व उप निरीक्षक मेहराज खान के नाम पर है। यहां महिला ने अपना आलिशान मकान भी बना रखा है। जिस जगह यह देह व्यापार चल रहा था, उससे आसपास के निवासी भी परेशान थे। यहां सीमा अहिरवार नाम की महिला ने कई मकानों को खरीद लिया है, उस पर इतनी संपति कहां से आई इसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है। इस दौरान तहसीलदार भारतेन्दु यादव, देहात थाना प्रभारी भुवनवेश शर्मा भी मौजूद थे।



इस संबंध में श्याम रघुवंशी द्वारा भी एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जिसमें अश्लील फोटो, वीडियो बनाए गए थे, 30 से 40 लाख रूपए उससे लिए जा चुके हैं, यह एक नया मामला दर्ज किया गया है। इन सब कारणों को लेकर पुलिस अवैध संपत्ति की नपती करने के लिए प्रशासन की टीम के साथ पहुंची थी। जल्द ही इन्हे नोटिस जारी किए जाएगें और कार्यवाही की जाएगी, इस इलाके के नागरिकों ने लोगों को फसाने और अवैध, व अनैतिक देह व्यापार करने वाली इस महिला को लेकर जांच पड़ताल की मांग की है, अब तक कई खुलासे हो चुके हैं और भी खुलासे होने की संभावना है।



### शासकीय भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अनुवभिागीय अधिकारी अशोकनगर इसरार खान, तहसीलदार अशोकनगर भारतेन्दु यादव एवं राजस्व दल द्वारा बुधवार को ग्राम शंकरपुर पछार स्थित शासकीय भूमि सर्वे कमांक 52 रकबा 0.742 सर्वे क.114 रकबा 0.115, सर्वे क. 115 रकबा 0.261 कुल रकबा 1.118 हे. भूमि पर अतिक्रामक रामस्वस्प प्रजापति पुत्र श्यामलाल प्रजापति निवासी अशोकनगर द्वारा शासकीय भूमि पर रोड डालकर तारफेंसिंग कर अवैध रूप से सत्य विजय नाम से कॉलोनी काटी जा रही थी। राजस्व दल द्वारा शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाकर भूमि रिक्त कराई गई। उक्त शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 02 करोड 20 लाख रूपये है।

### समाधान समारोह की दी विस्तृत जानकारी

## मध्यस्थता जागरुकता शिविर आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को कुटुम्ब न्यायालय, अशोकनगर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अशोकनगर केशवमणि सिंघल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर मनीष अनुरागी, न्यायाधीश सोनल गुप्ता तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा उपस्थित रहे।

शिविर में उपस्थित पक्षकारों एवं नागरिकों को मध्यस्थता की उपयोगिता, उद्देश्य एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि मध्यस्थता एक प्रभावी, सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली है, जिसके माध्यम से पारिवारिक एवं अन्य दीवानी प्रकृति के विवादों का निपटारा आपसी सहमति से बिना अनावश्यक विलंब एवं कम खर्च में किया जा सकता है। मध्यस्थता के माध्यम से न केवल समय एवं धन की बचत होती है, बल्कि पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों में भी मधुरता बनी रहती है। इस अवसर पर आगामी समाधान समारोह के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित पक्षकारों से अपील की गई कि वे अपने विवादों के समाधान हेतु मध्यस्थता की प्रक्रिया को अपनाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने प्रकरणों का निराकरण कराएं। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न सेवाओं की भी जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों से आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ लेने का आग्रह किया गया। शिविर में न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पक्षकार एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।




### महिला पर पत्थरों से हमला, जान से मारने की धमकी

**गुना।** जिले के धारनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्यापुर में मुँहबोले भाई की तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने आई एक महिला पर दो दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। रुठियाई निवासी फरियादिया लक्ष्मीबाई मीणा ने पुलिस को बताया कि वह अपने मुँहबोले भाई स्वर्गीय खेरू शिकारी की तेरहवीं में अपनी बहन वर्षा और भांजे दीपक के साथ क्यापुर आई थीं। गत रात करीब 9 बजे जब वे गांव में जा रही थीं, तभी वहां के निवासी गजराजसिंह शिवहरे और सुंदरलाल शिवहरे ने उन्हें देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर गजराजसिंह ने महिला पर पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने महिला को दोबारा गांव आने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पटवारी अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय अवकाश पर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

15 जुलाई से अशोकनगर जिले के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं, पटवारी तीन दिन अवकाश पर रहेंगे। पटवारी संघ ने प्रदेश स्तरीय अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का आगाज किया है।

जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने बताया कि, हम अपनी पांच सुत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। सबसे पहली मांग हमारी कैडर रिव्यू की है, जो कहीं न कहीं पदोन्नति की एक वैकल्पिक व्यवस्था है, क्योंकि बर्तमान में पटवारियों की पदोन्नति की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे पटवारियों में घोर निराशा है, पटवारी हतोत्साहित हैं।इसके अलावा समयमान-वेतनमान विसंगति, स्थानांतरण में जिम्मेदार पदाधिकारियों का स्थानांतरण हो जाना, नायव तहसीलदार की विभागीय परीक्षा, जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल होना, स्वामित्व, लघु सिंचाई, कृषि संगणना आदि योजनाओं के कार्य के सालों पूर्व पूर्ण हो जाने के बाद भी पारिश्रमिक भुगतान न होना हैं।

पटवारियों ने वेतनमान विसंगति को लेकर सालों संघर्ष किया है पर उसका आज दिनांक तक कोई सुधार नहीं हुआ, पे-ग्रेड 2800 के लिए भी लगभग 25 साल से मांग की जा रही है पर उसका भी कोई निराकरण सरकार ने नहीं किया।

### विशेष जागरुकता अभियान : नशा मुक्ति के खिलाफ पुलिस की अनूठी पहल

# स्कूली छात्राओं को दिलाई शपथ, नशे से रहें दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर को नशामुक्त बनाने और भावी पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आज स्थानीय पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के माध्यम से उनके परिवारों और समाज में नशे के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश पहुंचाना था।

**कन्या शाला की छात्राओं ने संभाली कमानः** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने इस जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के दौरान स्कूली बच्चे नगर के नए बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। यहां थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में छात्राओं को अपने घर-परिवार और आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी सहित पुलिस बल द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं और नागरिकों को जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की गंभीर शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से कहा कि वे अपने घरों में अभिभावकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के प्रति जागरूक करें। नया बस स्टैंड से शुरू हुआ यह जागरूकता कारवां नगर के ऐतिहासिक दिल्ली दरवाजे पर पहुंचा। यहाँ सभी बच्चों और पुलिसकर्मियों ने एक बार पुनः नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ ली, जिसके बाद इस भव्य अभियान का विधिपूर्वक समापन किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल, स्कूल का स्टाफ और नगरवासी उपस्थित रहे।




### मुंगावली में नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मुंगावली।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज टी.ए.व्ही. हायर सेकेंडरी स्कूल, मुंगावली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा की भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश है युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और आज वही सबसे अधिक नशे में लिप्त है। आगे उन्होंने विद्यार्थियों से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराध, सामाजिक जिम्मेदारी और कानून के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश दिया। उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। समाज को नशामुक्त बनाने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम राज्यव्यापी नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस कार्यकम में स्कूल सीईओ पुनीत जैन,प्राचार्य टीना गुप्ता, खेल प्रशिक्षक जावेद खान को ओर्डिनेटर एकता जैन, सची जैन, शादाब खान आदि जैन शिक्षक सागर, सुमन अंबर शाह आदि से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने अंबेडकर भवन के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मनीष रघुवंशी, सुरेन्द्र रघुवंशी, दिलीप रघुवंशी, मुनेश रघुवंशी, राहुल रघुवंशी और अन्नू जैन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3600 नगदी बरामद किए है।

### रोजगार मेला का आयोजन 24 जुलाई को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में प्रत्येक माह में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 24 जुलाई को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

### आर्थिक सहायता हेतु चेक किया प्रदान

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा बुधवार को आवेदक किसना अहिरवार निवासी पीलीघटा को उपचार हेतु रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 06 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि आवेदक द्वारा 14 जुलाई को जनसुनवाई में इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने संबंधी आवेदन दिया गया था।

### आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सयुंक्त संचालन में कक्षा 9 से 12 तक के शिक्षकों (महिला एवं पुरुष) के 3 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को उमंग हेल्थ कार्यक्रम के संबंध में किशोर उम्र के बच्चों मे आने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन के बारे में जागरूक किए जाने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ रजनी छारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद मोहन माथुर, शिक्षा विभाग से मधु शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी एवं एनिश जैन सहायक संचालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में हेमंत दुबे, रामबाबू कुशवाह,सलीम खान एवं आशा रघुवंशी, सीटीईडी से प्रेमदीप कुल श्रेस्ठ प्रोजेक्ट कोरिडेनेटर, परामर्शदाता उमंग स्वास्थ्य केंद्र शाढोरा, चँदेरी, मुंगावली एवं ईसागड़ से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 40 स्कूलों के 80 शिक्षक गण भी उपस्थित थे।

### एक लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष 14 जुलाई को जनसुनवाई में आवेदक चैन सिंह पुत्र मन्नू लाल चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर द्वारा आर्थिक सहायता राशि 01 लाख रुपए का भुगतान करने हेतु आवेदन दिया था। उक्त संबंध में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 (ब) दुर्घटना से स्थाई अपंगता अन्तर्गत न्यायालय कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा आवेदक के पुत्र अजय पुत्र चैन सिंह चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर को आर्थिक सहायता राशि 1,00,000 स्वीकृत की गई है। वर्तमान में संबंधित मद में उपलब्ध राशि में से मानवीय संवेदना के आधार पर तत्कालिक तौर पर हितग्राही को राशि रुपये 50 हजार रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई।

## जिस कमरे चोरी हुई, उसका ताला लगा था और बक्से में जेवर रखे थे

# चोरों का घर में धावा, 20 लाख के जेवरात और नकदी लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर





जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बामौरी ताल के एक घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान परिवार के लोग सोते रहे और चोर घर के अंदर घुसे और जिस कमरे में जेवर रखे थे उसका ताला तोड़कर बक्से के अंदर से सोने चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ले गए।

शाढ़ौरा से 4 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा करीला मार्ग पर यह बामौरी ताल गांव है, इस गांव के महेन्द्र रघुवंशी के यहां चोरी की यह बड़ी बारदात सामने आई है। घटना के दौरान परिवार के लोग अलग अलग कमरों में सो रहे थे, उनकी दो पुत्रियां भी ससुराल से अपने घर आई थीं, लेकिन जिस कमरे में जेवर रखे थे, उस कमरे कोई नहीं था उसमें बाहर से ताला लगा हुआ था। इस दौरान चोरों ने पहले कमरे का बाहर से ताला तोड़ा और बाद में जिस बक्से में जेवर रखे हुए थे, उस बड़े बक्से के ताले तोड़े और जिन बैगों में जेवर रखे हुए थे उन्हें अपने साथ ले गए। इस घटना की आहट रात में किसी को नहीं मिली, सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तब उन्होंने देखा तो कमरे का ताला टूटा था, बक्से में जेवर नहीं थे, तब उन्होंने शाढ़ौरा पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। शाढ़ौरा पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक किलोमीटर दूर सोने चांदी के जेवर के खाली बॉक्स व एक बैग पड़ा हुआ था, वहां एक शराब की बोतल भी पड़ी पाई गई है जिससे ऐसा लगता है कि चोरों ने घटना को अंजाम देकर बाद में शराब पार्टी की। इस घटना में चोर घर के अंदर से 12 तोला सोने के जेवर, जिनमें 3 बड़े हार,एक छोटा हार, 5 अंगूठियां, कईं पंचम जहाज के सिक्के और चांदी के जेवर के साथ साथ दो लाख रूपए नगदी भी शामिल हैं। घटना के बारे में अंकित रघुवंशी ने बताया कि यह चोर घर के अंदर मकान के पिछले हिस्से से घुसे और चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग गए। जिस मकान में यह घटना हुई उस मकान के पिछले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे मजदूरों का आना जाना घर पर लगा है, इस घटना को देखकर यह लगता है कि किसी ऐसे व्यक्ति को इस बात की जानकारी थी कि जिस कमरे में जेबर रखे रहते हैं वह कमरा बंद रहता है, इसी बात का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया, घटना रात 1 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। महेन्द्र रघुवंशी ने अपने घर पर जो दो लाख रूपए नगदी रखे थे वह मकान में चल रहे निर्माण कार्यो के लिए रखे गए थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि नगदी रूपए भी चोरी हो जाएगें। घटना के बाद पुलिस जांच पड़ताल में लगी है, घटना के बारे में पुलिस सायबर सेल की मदद भी ले रही है। ज्ञात हो कि पूर्व में खैजरा के महेन्द्र सिंह यादव के यहां भी इसी तरह की बड़ी घटना हो चुकी है, इसी तरह शाढ़ौरा के गल्ला व्यापारी लूट के घटना को बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया था। दरअसल शाढ़ौरा क्षेत्र कुछ दूरी के बाद पड़ौसी जिला गुना से लग जाता है तथा यहां से कईं रास्ते भी निकलते हैं जिससे आरोपियों को घटना को अंजाम देने के बाद भागने में सफलता मिल जाती है। पुलिस घटना की जानकारी जुटाने में लगी है।

## प्रकरण के सभी आरोपी गिरफ्तार

## रास्ते के विवाद में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का अंतिम आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर हुए सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहे अंतिम आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने प्रकरण के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर दी है। प्रकरण के मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के विरुद्ध पूर्व में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (छै।) के अंतर्गत कार्यवाही की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27 जून 2026 को थाना बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान बृजेश गुर्जर की हत्या कर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस बल को घटनास्थल रवाना किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। प्रकरण में फरियादी वीरन पुत्र इमरत सिंह गुर्जर, निवासी ग्राम पुरा मथाना की रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में हत्या सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा आरोपी उक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर सहित आरोपी रामक्रेश गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, राजकुमार गुर्जर, लक्ष्मण उर्फ गोटीराम गुर्जर, फूल सिंह गुर्जर, श्यामसुंदर सिंह गुर्जर एवं यशपाल सिंह गुर्जर सभी निवासी ग्राम पुरा मथाना को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका था, जबकि प्रकरण का आरोपी रामस्वरूप पुत्र नारायण सिंह गुर्जर (46 वर्ष), निवासी ग्राम पुरा मथाना, थाना बहादुरपुर घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस गिरफ्तारी के साथ ही प्रकरण के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्ण हो चुकी है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के चलते इस चर्चित हत्याकांड का खुलासा सुनिश्चित हुआ है।

## व्हाट्सएप के माध्यम से आपत्ति जनक टिप्पणी प्रसारित करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

जैन धर्म के प्रमुख संत के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र और अशोभनीय लेख लिखने के मामले में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुनि निंदक समीर जैन (जिसने खुद वीडियो जारी कर सभी लेख लिखने की बात कबूल की है) और राहुल जैन को आज बुधवार को अशोकनगर कोर्ट ने वकीलों की तीखी जिरह के बाद अशोकनगर पुलिस की रिमांड पर सौंप दिया है।

पुलिस अब दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ करेगी ताकि इस पूरे षड्यंत्र की तह तक जाया जा सके कि उन्होंने ऐसा क्यों किया और इस पूरे विवाद के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आगामी दिनों में रिमांड की अवधि बढ़ाने की मांग भी कर सकती है। हालांकि, इस पूरे मामले की मुख्य आरोपी डॉ. रेखा जैन अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर (फरार) हैं।



### कोर्ट परिसर में भारी ड्रामा, 42 दिन बाद वकीलों के साथ पहुंचे थे सरेंडर करने

यह पूरा घटनाक्रम आज कोर्ट परिसर में बेहद नाटकीय रहा। पुलिस द्वारा इनाम घोषित किए जाने और कुर्की की कार्रवाई के बाद आरोपी पिछले 42 दिनों से लगातार फरार चल रहे थे। आज अचानक दोनों आरोपी स्वयं को बचाने के लिए इंदौर और सागर के दो नामी वकीलों को साथ लेकर गुपचुप तरीके से जमानत कराने अशोकनगर कोर्ट पहुंचे थे। तभी वादी पक्ष के सतर्क वकील चंद्र शेखर साहू ने बाहर से आए इन वकीलों को देखकर शंका जाहिर की। जब उन्होंने मामले का पता लगाया, तो दोनों आरोपी और उनके वकील सामने आ गए। इसकी भनक लगते ही तुरंत अशोकनगर पुलिस को सूचित किया गया।

### एसपी का तुरंत एक्शन, कोर्ट परिसर में तैनात करने पड़े 9 थानेदार

जैसे ही यह खबर फैली, कोर्ट परिसर और आसपास का माहौल बेहद गरमा गया। अशोकनगर से सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोग अदालत के बाहर जमा हो गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तुरंत मोर्चा संभाला और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोर्ट परिसर में 9 थाना प्रभारियों को भारी पुलिस बल के साथ तैनात कर दिया। पुलिस ने कोर्ट से पूछताछ के लिए आरोपियों की रिमांड मांगी, जिस पर न्यायालय ने दोनों को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

## वन स्टॉप सेंटर से दो लड़कियों को भगाकर ले जाने का प्रयास

### दोनों ने पीएचई कार्यालय के पीछे घुसकर अपने आप को बचाया, पुलिस ने मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

स्थानीय वन स्टॉप सेंटर में रह रहीं दो लड़कियों को उनके मायके वालों ने अपने साथ भगाकर ले जाने का प्रयास किया। लेकिन यह लड़किया अपने परिवार वालों के न ही ससुराल वालों के साथ जाना चाहती थीं, जिसके बाद उन्होंने अपने आप को बचाने के लिए पीएचई कार्यालय की शरण ली। जिसके बाद वह कोतवाली थाने पहुंची और पुलिस ने 18 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

फरियादिया चांदनी पत्नि आमिर खान पुत्री नफीस खान उम्र 21 साल निवासी विजलाई थाना कचनार जिला अशोकनगर ने अपनी ताऊ की लड़की हिना पत्नि साहिवान खान पुत्री इब्राहिम खान उम्र 21 साल के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 03/07/26 को मैं मेरी ताऊ की लड़की हिना खान के साथ घर से बिना बताये चली गयी थी जिसकी रिपोर्ट हमारे घर वालो ने कचनार थाने में की थी जिस पर कचनार थाने की पुलिस ने 7 जुलाई को हमें तलास कर लिया था। हम अपने माता पिता के घर नहीं जाना चाहते थे,इसलिये कचनार थाने की पुलिस ने हमें वन स्टोप सेंटर अशोकनगर में भर्ती करा दिया था तब से हम दोनो वन स्टोप सेंटर में ही थीं।



### दोनों लड़कियों ने कहा न वह ससुराल जाना चाहती न मायके जाना चाहती हैं

दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ लोग हाथ में डंडे लाठी एवं कुछ लोग सरिया लेकर खड़े थे जिन्होने हमें पकड लिया और हम दोनो की मारपीट की। जिससे हम दोनों को पीछे पीठ में मुंदी चोटे आयी व हिना को दाहिने पैर के घुटने में चोट आयी और सभी लोग कह रहे थे कि इन दोनो ने परिवार की इज्जत खराब कर दी है इन्हें जान से खत्म करना है। इसलिये इन दोनो को उठा कर ले चलो फिर वो लोग हमे जबरदस्ती खीच कर हमारी मर्जी के बिना बोलेरो गाडी में पटक कर ले जाने लगे। जिस पर से पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने इन आरोपियों पर किया मामला दर्ज

मंगलवार की शाम करीबन 07.00 बजे वन स्टोप सेंटर के बाहर मेरे पापा नफीस खान पुत्र अजीज खान, मेरी मम्मी सुन्दर पत्नि नफीस हिना की मम्मी मुबीना पत्नि इब्राहिम खान, ताऊ इब्राहिम पुत्र मजीद खान, चाचा रहीस खान पुत्र हुसैन खान, चाचा अरमान पुत्र हलीम खान, भाई जमील पुत्र फरीद खान, गांव के बहीद पुत्र शहजाद खान, भाई रुस्तम पुत्र काले खान निवासीगण ग्राम बिजलाई आरिफ पुत्र मुबारिक खान निवासी मंदसौर मौल मामा आरिफ पुत्र शौकत खान निवासी बियानी थाना कचनार मामा फारुक पुत्र ग्यासुद्दीन खान बियानी थाना कचनार मामा शाहरुख पुत्र शौकत खान निवासी बियानी थाना कचनार मामा फहीम पुत्र ग्यासुद्दीन खान निवासी बियानी थाना कचनार, गांव के मामा समीर पुत्र आसिन खान निवासी विजलाई बडे पापा फरीद पुत्र हुसैन खान निवासी ग्राम बिजलाई, चाचा आमिर पुत्र शरीफ खान निवासी ग्राम बिजलाई एवं कुछ अन्य लोग है।

### सड़क पर जाम लगाकर यातायात बाधित किया

इस घटना के बाद 20 से 25 लोगों द्वारा सड़क पर जाम लगाया गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, आम जनों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने उन्हें समझाईस भी दी लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। मौके पर पुलिस के द्वारा उपस्थित लोगों को कई बार समझाइश देकर मार्ग खाली करने के लिए कहा गया, किन्तु उन्होंने तत्काल मार्ग खाली नहीं किया। इस कारण यातायात बाधित हुआ तथा सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। बाद में थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर सड़क खाली कराई गई तथा यातायात सामान्य कराया गया।

## शहर में बढ़ता जा रहा है आवारा कुत्तों का आतंक, हर दिन गायों पर हो रहे जानलेवा हमले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड बेसहारा गायों, बछड़ों और अन्य मवेशियों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। कई मामलों में घायल गायों की समय पर उपचार न मिलने से मौत भी हो रही है। इस स्थिति ने गौसेवकों और स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता पैदा कर दी है।

गौसेवक अभिषेक मोहरी का कहना है कि शहर के कई इलाकों में रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड



खुलेआम घूमते हैं और कमजोर, बीमार या घायल गायों को अपना निशाना बनाते हैं।

कई बार गायों के शरीर को बुरी तरह नोच दिया जाता है, जिससे उन्हें असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ती है हर दिन 2,4 गायों खाने के मामले आ ही रहे है. ऐसा ही मामला हमारे ग्रुप राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद को मिल की नई मंडी के पास रात मे कुत्तो ने गौमाता को खा लिया जिससे उसका पैर और कान और पूछ तक खा गए थे ग्रुप द्वारा मोके पर जाकर उसको कोलुआ रोड दयोदय गौ शाला भिजवाया जहाँ उसका इलाज किया।

## महिला परिषद ने विद्यार्थियों के लिए शैक्षिणक सामग्री की प्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा ज्ञान का प्रकाश सब तक पहुँचे खास प्रोजेक्ट के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में अध्ययनरत आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में परिषद की सदस्यों ने 25 विद्यार्थियों को पुस्तकें, नोटबुक,कलर, पेन-पेंसिल किट एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की। सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। परिषद ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर परिषद की सचिव पल्लवी जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह अमूल्य धन है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, संस्कारी और सफल बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया तथा कहा कि शिक्षा के माध्यम से वे अपने माता-पिता, विद्यालय और समाज का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं।

## दो दिवसीय आपदा प्रबंधन और सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में जिला कमांडेंट होमगार्ड/ एसडीईआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में 13 एवं 14 जुलाई 2026 को दो दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस प्रशिक्षण-2026 का सफल आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार को आपदाओं के समय त्वरित एवं प्रभावी राहत, बचाव तथा प्राथमिक उपचार संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा, जिला कमांडेंट, होमगार्ड/एसडीईआरएफ, द्वारा आपदा प्रबंधन की आवश्यकता, नागरिक सुरक्षा की भूमिका तथा विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी हेतु यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन आशीष ऋषिश्वर, प्लाटून कमांडर, होमगार्ड/एसडीईआरएफ द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, सर्पदंश से बचाव, आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, रेस्क्यू तकनीकों तथा आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न बचाव तकनीकों का अभ्यास भी किया।

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मोना यादव ने प्रशिक्षण दल के इस प्रयास की सराहा करते हुये विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रशिक्षण दल एवं प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दीक्षा भट्ट,सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मोनिका नामदेव ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय परिवार ने प्रशिक्षण दल का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी उमा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुलदीप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी अशोक साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंधर्व, दिनेश, आनंद और अनिल कुशवाह ने पुराने प्रकरण में राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी गजराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेपाल और रोहित यादव ने कुल्हाड़ी से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गजराम, सोनू, और मोहन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमखेडा सूखा निवासी देवी सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भतीजा निवासी रेखाबाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उमरेश, ऊषाबाई और अवधारानी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमनावर निवासी कृष्णा रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सूरज, अजय और राहुल रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सूरज रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौरव, विनोद और कृष्णाबाई रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहोर निवासी अमन जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम, मुकेश, विजय, महेश, संजीव और रोहित जाटव ने उससे फरसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी नबाव सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वैभव सोनी और अमर सिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया मल्हारगढ़ निवासी चन्द्रभान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष और आकाश राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा भोगी निवासी राजपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ध्यानू, भाईलाल, सुनील और देवेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया।

## आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

# निदान हॉस्पिटल ने सर्विस रोड पर जमाया अवैध कब्जा, सर्विस रोड बनी वाहन पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के फोरलेन सर्विस रोड पर स्थित निदान हॉस्पिटल इन दिनों अपनी ईलाज व्यवस्था से ज्यादा अपनी मनमानी को लेकर चर्चा में है। अस्पताल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर फोरलेन की सर्विस रोड पर सरेआम अवैध कब्जा जमा लिया है। इतना ही नहीं जनता के चलने के लिए बनी इस सड़क को हॉस्पिटल ने अपनी प्राइवेट पार्किंग में तब्दील कर दिया है। निदान अस्पताल की इस घोर लापरवाही के कारण आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### जनता त्रस्त, हादसे की आशंका हर वक्त

इस अवैध पार्किंग के कारण सर्विस रोड से गुजरने वाले और स्थानीय नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि पैदल चलना महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए मुष्किल हो रहा है, जो जान जोखिम में डालकर मुख्य मार्ग के किनारे से निकलना पड़ रहा है। जाम की स्थितिः सर्विस रोड संकरी होने के कारण आए दिन यहा ट्रैफिक जाम लग रहा है। दुर्घटना को खुला आमंत्रण व्यस्त हाईवे के किनारे इस तरह के अवैध पार्किंग से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### सड़क सरकारी, कब्जा 'निदान' का

अस्पताल प्रबंधन ने सर्विस रोड के एक बड़े हिस्से को इस तरह घेर लिया है जैसे वह उनकी निजी संपत्ति हो। दिनभर अस्पताल में आने वाले वाहनों को बेतरतीब तरीके से सर्विस रोड पर पार्क कराया जाता है। हॉस्पिटल में आने वाले वाहन सड़क पर अतिक्रमण बढ़ा रहे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

आश्चर्य की बात यह है कि दिन मे व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन निदान हॉस्पिटल के इस खुले अतिक्रमण पर अभी तक किसी भी जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं पड़ी है। अब देखना यह है कि ब्यावरा का प्रशासन इस खबर के बाद नींद से जागता है या निदान हॉस्पिटल की यह मनमानी यूँ ही बदस्तूर जारी रहती है।

### इनका कहना है

आपसे जानकारी प्राप्त हुई हॉस्पिटल को नोटिस भेजते है कि आगे से सर्विस रोड पर गाड़ियां पार्क न कराए। अगर इसके बाद भी नहीं मानता है, तो अस्पताल के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

-देवनारायण पांडे, यातायात थाना प्रभारी ब्यावरा

---

## अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

# पौधरोपण कर मनाया राज्यमंत्री पंवार का जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार का जन्मदिन जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फल और बिस्किट बांटे और इस दौरान पौधारोपण भी कराया गया। भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार ने मरीजों का हालचाल जाना।

राज्यमंत्री श्री पंवार ने जन्मदिन पर सभी शुभचिंतकों से विनम्र अपील की थी कि किसी प्रकार कोई बड़ा उत्सव ना मनाए और सभी से अपील के माध्यम से आग्रह किया था कि समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। पौधारोपण के दौरान भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, मंडल महामंत्री दीपक सामरे, सुमीत सोलंकी, वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, मयूर गुप्ता, गिरिराज लववंशी, कपिल मीणा, राधे दांगी, संदीप अहिरवार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



---

# स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर व ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरण के लिए आवेदन शुरू

## अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि विभाग की पी.डी.एम.सी. प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरणो पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध ऑनलाइन लॉटरी सम्पादित की जाएगी।

पंजीयन कराने के लिए किसान का फार्मर आई.डी., आधार कार्ड, जमीन सम्बंधित दस्तावेज एवं मोबाइल नम्बर लेकर नजदीकी कामन सर्विस सेन्टर एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर सेटर पर जाकर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। साथ ही प्राप्त सभी आवेदनो की संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिले वार कम्प्यूटरीकृत लॉटरी दिए गए लक्ष्यो की संख्या के बराबर एवं उतनी ही संख्या में प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए निकाली जाएगी।

लॉटरी द्वारा चयनित कृषको को एस.एम.एस के माध्यम से चयन की सूचना भी प्राप्त होगी। यदि चयनित आवेदक अपात्र पाया जाता है, या सामग्री क्रय नहीं करता है। तो प्रतीक्षा सूची के आवेदको को उनके क्रमानुसार अवसर प्राप्त होगा। कृषक को लॉटरी द्वारा चयनित होने के उपरांत एक सप्ताह की अवधि में आवश्यक दस्तावेज (बी-1, खसरा, बैंक पासबुक, पटवारी द्वारा जारी सिंचाई स्त्रोत का प्रमाण पत्र) चयनित डीलर के माध्यम से अपलोड कर दस्तावेज सही पाये जाने पर सामग्री क्रय करने की कृषक को ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

---

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार शैलजा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। ज्ञापन में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित कराने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का भुगतान कराने तथा संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण को स्थानांतरण नीति के अनुरूप निरस्त करने की मांग की गई है।



संघ ने यह भी मांग की है कि कर्मचारी समस्याओं के समाधान के लिए नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाए। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से पटवारी संघ के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित कर मांगों का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया गया है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 15 से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मनीष सक्सेना,अंकित चैहान सहित पटवारी मौजूद थे।

---

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि त्योहारों एवं वैवाहिक समारोहों के दौरान दूध, मावा, मिठाई, घी, तेल, मसाले, पनीर तथा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका काफी बढ़ जाती है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। मांग की गई कि जिलेभर में विशेष मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया जाए, खाद्य प्रतिष्ठानों एवं निर्माण इकाइयों का नियमित निरीक्षण किया जाए, संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जाए तथा मिलावट करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाए जिसमे मुख्य रूप से राजगढ़ ग्राहक पंचायत प्रभारी अर्जुन कुशवाह मुकेश चैधरी राजेश जायसवाल सूरज दांगी बजरंग चैहान राहुल जी महेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन, आज निकालेंगे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित जय दीक्षित ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। समापन अवसर पर हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



### रथयात्रा शाम 4 बजे निकाली जाएगी

गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा शाम 4 बजे थावरिया स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंचेगी। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ एक माह तक रामकृष्ण मंदिर में विराजमान रहेंगे, जिसके बाद पुनः जगदीश मंदिर लौटेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा।

---

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक 23 को

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम भोपाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए 23 जुलाई को बैठक पोस्ट आफिस के पास वृत्त कार्यालय म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. राजगढ़ में आयोजित की जाएगी। बैठक में पीडित विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों (विद्युत अधिनियम की धारा 126, धारा 135 से 139, धारा 161 एवं बकाया राशि की वसूली जहां बिल की गई राशि विवादित न हो को छोड़कर) की सुनवाई की जाएगी। विद्युत उपभोक्ताअपनी शिकायत एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों।

---

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, परिवार की तरह करें कार्यः भीलवारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पतालों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) एवं सिविल सर्जन के पद पर डॉ. के.एन. भीलवारे की पदस्थापना की गई है। उन्होंने हाल ही में आरोन से स्थानांतरित होकर अपना प्रभार ग्रहण किया। प्रभार संभालने के बाद डॉ. भीलवारे ने अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी कर्मचारी परिवार की भावना से कार्य करें और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार, स्वच्छता, समयबद्ध सेवाएं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अरुण दीक्षित, जगदीश दांगी सहित अस्पताल का चिकित्सकीय एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। नए बीएमओ की नियुक्ति से अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

---

## लायंस क्लब का 47वां स्थापना व पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

# विनय ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, नई कार्यकारिणी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लायन्स क्लब सारंगपुर का 47वाँ स्थापना एवं पदभार ग्रहण समारोह मंगलवार सायंकाल राठी मांगलिक परिसर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए लायन विनय मकोड़िया ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष लायन रूपेश जोशी ने की। शपथ अधिकारी के रूप में लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ळ2 के वीडीजी-2 लायन संजय सक्सेना ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन विनय मकोड़िया एवं नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।




समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका विजयलक्ष्मी दीदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, रीजन चेयरपर्सन सुषमा गोयल तथा जोन चेयरपर्सन मुकुल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायन ओ.पी. विजयवर्गीय, राजेन्द्र पालीवाल, महेश शर्मा, प्रदीप जोशी, अतुल जोशी, दिनेश राठौर, मोहम्मद मंसूरी, विजय बरकिया, नीलेश वर्मा, अरविंद मण्डलोई,मनोज दंडवानी सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा लायन्स क्लब पचोर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन नितिन परिहार एवं आदित्य शर्मा ने किया। अंत में लायन पीयूष राठी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

---

# चाचा की तेहरवीं में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के भूतियाबे तालाब में अपने चाचा के घाटे तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मुताबिक जगदीश पिता धन्नालाल वर्मा 30 वर्ष तालाब में नहाते समय गहरे पानी चला गया और डूब गया। वहा उपस्थित लोगों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व टीम घटना स्थल पर पहुंची और राजगढ रेस्क्यू टीम को बुलाया। जिन्होंने अपना रेस्क्यू मिशन पर काम शुरू टीम ने तीन घंटे की लगातार मेहनत के बाद युवक का शव बरामद किया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम सत्यनारायण जाजू आयु 63 वर्ष पिता श्री निवास जी जाजू जाति महाजन व्यावसाय व्यापार निवासी वार्ड के 11 शीतलामाता मार्ग नगर नरसिंहगढ़ तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र. मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज में मेरा नाम सत्यनारायण जाजू अंकित है। मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के नाम से पासपोर्ट जारी किया गया है जिसका न. F9624632 है जिसमे मेरा नाम सत्य नारायण (SATYA NARAYAN) अंकित है। इस कारण से मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सत्य नारायण (SATYA NARAYAN) के स्थान पर सत्यनारायण जाजू (SATYANARAYAN JAJOO) अंकित करवाना चाहता हूँ। मै शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि उक्त वर्णित नाम सत्य नारायण (SATYA NARAYAN) व सत्यनारायण जाजू (SATYANARAYAN JAJOO) दोनो नाम का व्यक्ति एक मात्र में शपथकर्ता ही हूँ अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नही है। उक्त नाम के संशोधन के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई दावा झगड़ा आपत्ति आती है तो उसके निराकरण की समस्त जावाबदारी मुझ शपथकर्ता की रहेगी।इस बावत पुष्टि हेतू यह शपथ पत्र प्रस्तुत है